खाटू वाला हमारा बनेगा सहारा | By Kemita Rathore

खाटूवाला हमारा बनेगा सहारा
जो भी आके शरण इनकी लेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे

हारे का सहारा श्याम लखदातार है
तीन बाणधारी श्याम लीले का सवार है
शरण में आएं उनका करता बेडा पार है
नाम जपने से संकट हरेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे

कोई ना हमारा यहाँ जग है बेगाना
सांवरे के नाम से ही चलता है ज़माना
जिसने भी प्रेम से है श्याम को पुकारा
पल भर की ना देर करेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे

तेरा ही भरोसा मुझे तेरा ही सहारा
तू ही मेरी मंज़िल श्याम तू ही किनारा
केमिता का सांवरे अब तू ही खेवनहार
श्याम गुणगान तेरा करेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे
झोलियाँ खाली सबकी भरेंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be/